आज़ादी का अमृत महोत्सव

आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू और टैक्स परी




टैक्स परी हूँ मैं, जादू दिखलाती हूँ।
कितना टैक्स 'बना' है, पलभर में बतलाती हूँ।।
भारत की उन्नति में पूरा साथ निभाती हूँ।
'कोष मूलो दण्ड:' का मंत्र सबको सिखलाती हूँ।।





मोटू पतलू और टैक्स परी
आयकर निदेशालय (ज.सं.प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना
अहा... गर्मागर्म समोसे...यम...यम... पतलू क्या ख्याल हैं ?
ख्याल तो नेक है... पर जेब में ज्यादा पैसे नहीं है.. जो हैं, उन्हीं में से 'इन्कम टैक्स' जमा करवाना है
वो भी करवा देंगे... पर तू तो जानता है ना कि खाली पेट मेरे दिमाग की बत्ती नहीं जलती
गट गट गड़प


डकार
मजा आ गया
यह लो बिल सौ रूपये
सौ रूपये ? वो कैसे ?
मैं इन्कम टैक्स की चोरी नहीं करता हूँ। मेरे समोसे भी बढ़िया होते हैं
टैक्स, टैक्स, टैक्स... हर चीज पर टैक्स क्यों देना पड़ता है ? बू हू हू
बेटा... अपनी तो जेब खाली हो गई... अब चलो घर वापस बू हू हू


पतलू...एक तो इन्कम टैक्स की मार... ऊपर से भरपेट समोसों का खुमार...मुझे तो नींद आ रही है
सो जा बेटा...कल से काम पर चलना वर्ना वहाँ तनख्वाह पर छुट्टी टैक्स कट जायेगा...


खर्र खर्र खर्र


छम छम छम
टैक्स परी के जादू में है दम !!


अरे...यह हमें कहाँ ले जा रही हो परी ?
मैं टैक्स की परी हूँ...नाम है टैक्स परी
लो, कर लो बात... अब परियाँ भी टैक्स वाली होने लगी
सोचो अगर हमें आयकर ना देना पड़े तो जीना कितना खुशहाल और आसान हो जायेगा
तुम तो परी हो... जादू जानती हो, फिर भला हमारे ऊपर इन्कम टैक्स क्यों लगा रखा है ?
छम छम छम...!! तुम्हारी खुशफहमी में नहीं है दम !!


देखाना चाहोगे कि अगर मैं इन्कम टैक्स हटा दूँ तो तुम्हारी जिन्दगी कैसी हो जायेगी?
बिल्कुल...हम भी देखें कि अगर सरकार इन्कम टैक्स ना ले, तो हम कितने सुखी हो जायेंगे
छम छम छम... इन्हें दिखाओ... अपने जादू का दम
SCHOOL
पुल सड़कें गायब
स्कूल गायब
सब कुछ गायब हो गया
अस्पताल गायब
HOSPITAL
दवाखाना


कोरोना की वैक्सीन गायब
Covi
अरे...यह तो कच्ची बंजर, उबड़-खाबड़ जगह बन गई...वो शानदार पक्की सड़क कहाँ गई ?
फ्लाईओवर राशन की दुकानें कहाँ गई?
बूहूहू
बूहूहू... हम बच्चों के स्कूल गायब हो गये, अब हम अपनी शिक्षा कैसे पा सकेंगे ?
हमें सरकारी अस्पताल से दवा मिलती थी, इलाज होता था... अब हमारा क्या होगा? बू हू हू


टैक्स परी...
यह तो बहुत गलत हो गया...लोग कोरोना, प्लेग, पोलियो से परेशान हो जाऐंगे।
सारी जन कल्याण योजनाएँ अगर ठप्प पड़ गईं तो आम लोगों का जीना कठिन हो जायेगा।


यह तो कुछ भी नहीं मोटू पतलू...देश की रक्षा सामग्री व अंतरिक्ष अनुसंधान सभी ठप्प हो जाऐंगे, बिना इन्टरनेट रह लोगे तुम ?
ना रे बाबा...मैं तो फेसबुक, वॉट्सऐप के बगैर अपनी जिन्दगी के बारे में सोच भी नहीं सकता
देश की रक्षा प्रणाली कमजोर होगी तो दुश्मन देश हमारे पर आक्रमण कर देंगे।


आई बात समझ में, कि सरकार टैक्स के रूपये से ही हमारे लिए इतनी जन कल्याण परियोजनाएँ चलाती है
सही कहा... यदि लोग इन्कम टैक्स यानि आयकर नहीं देंगे तो हम कई साल पीछे चले जायेंगे।
यानी सारी तरक्की खत्म...ना.. परी ना... अपना जादू वापस ले लो सब कुछ पहले जैसा कर दो
देख लो...यदि उन्नत भारत चाहिए तो इन्कम टैक्स ईमानदारी से देना होगा


हम सब इन्कम टैक्स देंगे...बल्कि हम अपने फैन्स से भी कहेंगे कि टैक्स परी का कहना मानो....
बस आप अपने जादू से सब कुछ पहले जैसा कर दो –प्लीज
हम्मं
छम छम छम... टैक्स परी के जादू में है दम!
HOSPITAL
अब मुफ्त दवा मिल सकेगी
SCHOOL
अहा...मेरा स्कूल
इस देश में मेरा क्या काम... बू हूहू



छम छम छम की हवा चली टैक्स परी अपने घर को चली!
अरे बाप रे...कितना अजीब सपना आया मुझे, पर सपने में एक बात मुझे समझ आ गई कि अगर हम सब ईमानदारी से इन्कम टैक्स अदा करेंगे तो हमारा देश खूब उन्नति करेगा
तो फिर आज से इन्कम टैक्स ईमानदारी से भरेंगे एवं समोसे भी अच्छे वाले खाएँगे
समाप्त

# भूल भुलैया





# इस चित्र में रंग भरें







# अन्य अंक

इस कॉमिक में हम जानेंगे कि देश की उन्नति
के लिए इन्कम टैक्स चुकाना क्यों जरूरी है!



आज़ादी का
अमृत महोत्सव

